राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2023

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री ने शिक्षक दिवस (Teachers' Day) **की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार (National Teachers' Award) 2023 के विजेताओं** के साथ बातचीत की।

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार:

- राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार का उद्देश्य **देश के कुछ बेहतरीन शिक्षकों के अनूठे योगदान** का जश्न मनाना तथा उन शिक्षकों को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपनी प्रतिबद्धता के माध्यम से **न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है, बल्कि अपने छात्रों के जीवन को भी समृद्ध बनाया है।**
- ये पुरस्कार **प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को भारत के राष्ट्रपति** द्वारा प्रदान किये जाते हैं।
- पुरस्कार में **एक रजत पदक, एक प्रमाण पत्र एवं 50,000 रुपए की नकद राशि** शामिल है।
- इस वर्ष पुरस्कार के दायरे में **स्कूली शिक्षा तथा साक्षरता विभाग** द्वारा चयनित शिक्षकों के अतिरिक्त **उच्च शिक्षा विभाग एवं कौशल विकास मंत्रालय** द्वारा चयनित शिक्षकों को भी शामिल किया गया है।

भारत में शिक्षक दिवस:

- वर्ष 1962 से प्रतिवर्ष 5 सितंबर को मनाए जाने वाले इस दिवस का उद्देश्य **भारत में स्कूल अध्यापकों, शोधकर्ताओं और प्रोफेसरों सहित अन्य शिक्षकों के योगदान का सम्मान करना है।**
    - भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने छात्रों के उत्सव के अनुरोध की प्रतिक्रिया में **उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस** के रूप में मनाने का सुझाव दिया।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का परिचय:

- **जन्म:**
    - उनका जन्म **5 सितंबर, 1888** को तमिलनाडु के तिरुत्तानी शहर में एक तेलुगू परिवार में हुआ था।
- **शिक्षा एवं अध्यापन कार्य:**
    - उन्होंने क्रिश्चियन कॉलेज, मद्रास में दर्शनशास्त्र का अध्ययन किया और बाद में मद्रास प्रेसीडेंसी कॉलेज तथा मैसूर विश्वविद्यालय में प्रोफेसर रहे।
- **कार्यक्षेत्र:**
    - उन्होंने वर्ष 1952 से 1962 तक भारत के **पहले** उपराष्ट्रपति और वर्ष 1962 से 1967 तक भारत के **दूसरे** राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया।
    - इससे पूर्व वह वर्ष 1949 से 1952 तक **सोवियत संघ में भारत के राजदूत** भी रहे। वह वर्ष 1939 से 1948 तक **बनारस हिंदू विश्वविद्यालय** के **चौथे कुलपति** रहे।
- **सम्मान:**
    - वर्ष 1984 में उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया।
- **उल्लेखनीय कृतियाँ:**
    - समकालीन दर्शन में धर्म का शासन, रबीन्द्रनाथ टैगोर का दर्शन, जीवन का हिंदूवादी दृष्टिकोण, कल्कि या सभ्यता का भविष्य, जीवन का एक आदर्शवादी दृष्टिकोण, द रिलीजन वी नीड, भारत और चीन तथा गौतम बुद्ध।



//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-teachers-award-2023